जांच अभियान | कलेक्टर के निर्देश तहसीलदारों ने की बड़ी कार्रवाई

782 क्विंटल खाद्यान्न की हेराफेरी उजागर

नवभारत,दमोह। सार्वजनिक वितरण प्रणाली में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कलेक्टर प्रताप नारायण यादव के निर्देश पर जिले की राशन दुकानों पर व्यापक जांच अभियान चलाया। कलेक्टर श्री यादव ने 125 जांच दल गठित किए, जिनमें 120 दलों को राशन दुकानों की जांच के लिए तथा 5 दलों को रिजर्व रखा गया।

शिकायतों के आधार पर 120 उचित मूल्य दुकानों का एक साथ सुबह 11 बजे निरीक्षण कराया गया।कलेक्टर श्री यादव ने कहा लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि कई राशन दुकानों पर हितग्राहियों से अंगूठा लगवाकर निर्धारित मात्रा से कम खाद्यान्न दिया जा रहा है। कई मामलों में दो माह के राशन के लिए अंगूठा लगवाकर केवल एक माह का राशन वितरित किया गया। इसके अलावा वितरण में देरी और अन्य अनियमितताओं की भी शिकायतें प्राप्त हो रही थीं।उन्होंने बताया अब तक 55 दुकानों की जांच रिपोर्ट प्राप्त हो चुकी है, जिनमें से 25 दुकानों में गंभीर अनियमितताएं सामने आई हैं। कई दुकानों में 172 क्विंटल तक खाद्यान्न कम या अधिक पाया गया है। जांच में अब तक 782 क्विंटल खाद्यान्न की हेराफेरी का मामला प्रतिवेदित हुआ है। इन मामलों की विस्तृत जांच कर संबंधित संचालकों को आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत नोटिस जारी किए जाएंगे और नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।कलेक्टर श्री यादव ने कहा प्रशासन का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि शासन की योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र हितग्राही तक बिना किसी गड़बड़ी के पहुंचे। इसी उद्देश्य से यह विशेष जांच अभियान चलाया गया है और भविष्य में भी शिकायत मिलने पर राशन दुकानों की जांच जारी रहेगी।

> उन्होंने कहा जिले में पहली बार इतनी बड़ी संख्या में राशन दुकानों का एक साथ निरीक्षण कराया गया है। प्रशासन की योजना सभी 524 उचित मूल्य दुकानों की एक साथ जांच कराने की थी,लेकिन उपलब्ध स्टाफ के कारण फिलहाल 120 दुकानों की जांच कराई जा सकी। आने वाले समय में शेष शिकायतग्रस्त दुकानों का भी निरीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

दिल्ली छात्र संसद 2026 में मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व

निखिल सोनी ने रखे प्रभावशाली विचार

- महिला सशक्तिकरण, विकसित भारत 2047 व महिला सुरक्षा पर मुखर रहे
- विकसित भारत 2047, चुनावी सुधार, परीक्षा प्रणाली पर रखे विचार
- पारदर्शिता तथा राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका जैसे विषयों पर अपने विचार रखे

नवभारत,तेंदूखेड़ा/दमोह। दमोह जिले के तेंदूखेड़ा निवासी निखिल सोनी (पिता-भूपेंद्र सोनी) ने नई दिल्ली स्थित एनडीएमसी कन्वेंशन हॉल में आयोजित दिल्ली छात्र संसद 2026 में मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व किया। अपने प्रभावशाली वक्तव्य में उन्होंने महिला सशक्तिकरण,महिला सुरक्षा, विकसित भारत 2047,चुनावी सुधार, परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता तथा राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका जैसे विषयों पर अपने विचार रखे।उन्होंने कहा कि महिलाओं के सम्मान और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता मिलनी चाहिए तथा महिलाओं के विरुद्ध जघन्य अपराध करने वालों को कानून के अनुसार कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए, जिससे समाज में भय और न्याय दोनों की भावना मजबूत हो।अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि विकसित भारत 2047 का सपना तभी साकार होगा जब समाज समान अवसर, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा,पारदर्शी परीक्षा प्रणाली, तकनीकी प्रगति और युवाओं की सक्रिय भागीदारी के साथ आगे बढ़े।निखिल सोनी ने परीक्षा प्रणाली को और अधिक निष्पक्ष बनाने, पेपर लीक जैसी घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण तथा शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया।उन्होंने वर्ष 2014 के बाद भारत में हुए विभिन्न विकास कार्यों, आधारभूत संरचना, डिजिटल परिवर्तन, स्टार्टअप संस्कृति, युवाओं के लिए बढ़ते अवसर तथा आत्मनिर्भर भारत की दिशा में हुए प्रयासों का उल्लेख करते हुए कहा कि आने वाले वर्षों में युवाओं की भागीदारी भारत को विश्व में नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएगी।इस अवसर पर अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम की प्रमुख अतिथि व राष्ट्रीय युवा संसद 2019 की विजेता श्वेता उमरे ने युवाओं को लोकतंत्र, संवाद और नेतृत्व के महत्व पर प्रेरित किया।कार्यक्रम में देशभर से आए प्रतिभागियों ने विभिन्न राष्ट्रीय विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत किए। निखिल सोनी के तार्किक, प्रभावशाली व राष्ट्रहित से जुड़े विचारों की उपस्थित अतिथियों और प्रतिभागियों ने सराहना की।

पौधा रोप कर व रक्तदान कर मनाया जन्मदिन

नवभारत,दमोह। भाजपा दमोह के नगर उपाध्यक्ष वेद प्रकाश दुबे ने अपनी बड़ी बेटी वेदिका दुबे का जन्मदिन कदम संस्था के साथ पौधारोपण कर व वृद्धो के साथ अपना घर वृद्ध आश्रम दमोह में मनाया। सभी वृद्धों ने वेदिका को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी व बहुत ही प्रसन्न होकर एक साथ बैठकर सभी ने नाश्ता किया व वेदिका ने कहा कि मैं आपके उत्तम स्वास्थ्य की कामना करती हूं आप लोगों के साथ हमेशा उपस्थित रहूंगी व कदम संस्था दमोह के साथ जिला औषधि कार्यालय प्रांगण में आवाले का पौधारोपण कर अपना जन्मदिन मनाया है।जन्म दिवस के अवसर पर रक्त दान कर जरूरतमंद महिला की कठिन परिस्थिति में रक्तदान कर मदद की महिला के शरीर में दो यूनिट ब्लड बचा हुआ था। इस अवसर पर भाजपा के जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे,पिछला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि गौरव पटेल, सिद्धार्थ मलैया, महामंत्री महेश पटेल,मंडल अध्यक्ष रमाकांत बाजपेई, सिकंदर खरारे, मनीष सोनी, सुनील यादव, संजय सोनी,मुकेश खरे,श्याम दुबे,अनिल सैनी, संदीप सोनी,पीयूष नामदेव,रंजीत सैनी,श्याम विश्वकर्मा, अनिल बैरागी, कपिल दुबे, आशीष राय, अखिलेश चौबे, दिलीप चौरसिया, डॉ विक्रांत सिंह चौहान, दीपक दुबे, पवन विश्वकर्मा, आदित्य सिरोठिया,ओम वर्मा, हरी सिंह, निखिल पाटकर नीलेश ठाकुर, स्मित सैनी व अन्य सभी की उपस्थिति रही। सभी के प्यार व स्नेह के लिए वेदिका की दादी चंपा दुबे (शिक्षिका) ने सभी का आभार व्यक्त किया गया।

भगवान की निष्काम भक्ति व मोक्ष का अधिकारी बनाता है आचार्य पंडित रवि शास्त्री

नवभारत,दमोह। श्री देव रास विहारी राधाकृष्ण मंदिर, अथाई मार्ग, दमोह में चल रही श्रीमद्भागवत महापुराण कथा के दौरान कथाव्यास आचार्य पंडित रवि शास्त्री जी महाराज ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि श्रीमद्भागवत महापुराण समस्त वेदों, उपनिषदों एवं पुराणों का सार है यह केवल एक धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि भगवान श्रीकृष्ण का दिव्य वाङ्मय स्वरूप है भगवान वेदव्यास द्वारा रचित श्रीमद्भागवत का प्रत्येक श्लोक जीव के कल्याण का संदेश देता है .

शहीद चंद्रशेखर आजाद जयंती पर पुष्पांजलि का आयोजन

नवभारत,हटा/दमोह। मां भारती के वीर सपूत,वीर क्रांतिकारी शहीद चंद्रशेखर आजाद की जयंती को भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा प्रदेश के आवाहन पर दमोह जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे व युवा मोर्चा अध्यक्ष प्रिंस जैन के मार्गदर्शन व कार्यक्रम प्रभारी राजुल चौरहा, सह प्रभारी कृष्णा पटैल के नेतृत्व में भाजपा जिला कार्यालय दमोह में पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया व भाजपा कार्यालय से आजाद चौक जिला सहकारी बैंक चौराहे तक आजाद प्रेरणा यात्रा का आयोजन भी किया गया।इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे ने कहा कि अपनी छोटी सी आयु में ही देश के प्रति समर्पण की भावना रखने वाले वीर क्रांतिकारी शहीद चंद्रशेखर आजाद की जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं देश की सेवा और राष्ट्र समर्पण का जीवंत उदाहरण थे शहीद चंद्रशेखर आजाद हम सब सौभाग्यशाली हैं कि भारत की भूमि पर ऐसे वीर सपूत का जन्म हुआ। इस दौरान भाजपा जिला उपाध्यक्ष मनीष तिवारी, राघवेन्द्र सिंह परिहार, जिला मंत्री कपिल शुक्ला, भारत यादव, कार्यालय मंत्री देवकीनंदन पटेल, पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला अध्यक्ष प्रमोद विश्वकर्मा युवा मोर्चा से जिला महामंत्री कार्तिक शेलार, जिला उपाध्यक्ष महेंद्र राठौर, जिला मीडिया प्रभारी राहुल जैन, प्रीतम पटेल कार्यालय मंत्री,मंडल अध्यक्ष कुलदीप पटेल, नगर महामंत्री शिवेंद्र तिवारी,करण चौबे,नगर मंत्री संदीप सैनी, विशाल चौबे, आशुतोष पांडेय, चंद्र प्रकाश आशीष, अखिलेश चौबे, सृजन असाटी आदि रहें.

वन विभाग ने लोगों को वितरित किए पौधे

- सुरक्षा का लिया संकल्प

नवभारत,हटा/दमोह। वनपरिक्षेत्र अधिकारी मड़ियादो बफर जे.पी. मिश्रा ने स्टाफ के साथ मड़ियादो में आमजन को पौधे वितरित किए।इस दौरान वन विभाग द्वारा लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। पौधे प्राप्त करने वाले लोगों से वन विभाग ने इनकी सुरक्षा और देखरेख का संकल्प पत्र भी भरवाया।अधिकारी ने कहा कि हरित क्षेत्र बढ़ाने और पर्यावरण को बचाने के लिए हर नागरिक को पौधारोपण के साथ-साथ पौधों की देखभाल भी करनी चाहिए।

एक नजर में

मानवता की मिसाल, मरीज के लिए आरक्षक प्रशांत दुबे ने किया ब्लड डोनेट

नवभारत,दमोह। जिला अस्पताल में भर्ती एक महिला के लिए जबेरा थाने में पदस्थ आरक्षक प्रशांत दुबे ने रक्तदान कर मानवता की मिसाल पेश की है।जानकारी के अनुसार 33 वर्षीय महिला जिला अस्पताल में इलाजरत थी और उसे बी प्लस ब्लड की अत्यंत आवश्यकता थी। परिजनों द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से ब्लड की अपील की गई।अपील देखते ही आरक्षक प्रशांत दुबे तुरंत जिला अस्पताल पहुंचे और महिला को अपना रक्तदान किया। परिजनों ने आरक्षक प्रशांत दुबे का आभार व्यक्त किया और उनके इस सराहनीय कार्य की सराहना की।

पदोन्नति पर पुलिस अधिकारियों को एसपी ने स्टार लगाकर दी बधाई

नवभारत,दमोह। पुलिस विभाग में कई अधिकारियों के प्रमोशन होने पर बुधवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में सम्मान समारोह आयोजित किया गया।पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगि (भापुसे), सीएसपी एचआर पांडे, डीएसपी एजेके सौरभ त्रिपाठी और स्टेनो अरुण गौतम ने पदोन्नत हुए अधिकारियों को स्टार लगाकर सम्मानित किया और मिठाई खिलाकर बधाई व शुभकामनाएं दीं। पदोन्नत हुए अधिकारियो में रावेन्द्र सिंह बागरी डीएसपी, सुरेन्द्र सिंह तोमर, फिंगरप्रिंट निरीक्षक टीआई रचना मिश्रा, रक्षित निरीक्षक अभिनव साहू,आकांक्षा जोशी,एएसआई अशोक, सीताराम सिंह ठाकुर इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगि ने सभी पदोन्नत अधिकारियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं।

5 वर्षीय एक मासूम की मौत

नवभारत,दमोह। 5 वर्षीय एक मासूम को इलाज के लिए मंगलवार शाम को दमोह जिला अस्पताल लाया गया था। जिसे डॉक्टर ने चेकअप उपरांत मृत घोषित कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार परिजनों ने बताया कि मृतिका उमा पिता अखिलेश आदिवासी निवासी केरवारा थाना बक्सवाहा हाल नयागांव थाना नोहटा मंगलवार शाम को सोई हुई थी। वह सोने के बाद ना उठने पर परिजन आनंद-फानन में जिला अस्पताल लेकर आए थे।

7 दिवसीय सिविल डिफेंस वॉलेंटियर्स प्रशिक्षण आयोजित

- 150 वालेंटियर्स को मिले प्रमाण पत्र

नवभारत,दमोह। होमगार्ड नागरिक सुरक्षा व आपदा प्रबंधन, म.प्र. भोपाल के निर्देशानुसार जिला दमोह में 7 दिवसीय सिविल डिफेंस वॉलेंटियर्स प्रशिक्षण का आयोजन किया गया।यह प्रशिक्षण 16 जुलाई 2026 से 22 जुलाई 2026 तक स्थानीय पी.जी. कॉलेज दमोह में चला। प्रशिक्षण में जिले के 150 सिविल डिफेंस वॉलेंटियर्स को आपदा प्रबंधन और सुरक्षा के विभिन्न विषयों की जानकारी दी गई।होमगार्ड और एसडीईआरएफ की टीम द्वारा वालेंटियर्स को नागरिक सुरक्षा, हवाई हमला, सीएसआर, सीपीआर, राहत व बचाव कार्यों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया।प्रशिक्षण जिला कमांडेंट श्रीमती रजनी खटीक के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इसमें कम्पनी कमांडर सुश्री प्राची दुबे,सैनिक चौन सिंह तथा एसडीईआरएफ टीम ने प्रशिक्षण दिया। 22 जुलाई 2026 को पीजी कॉलेज के ऑडिटोरियम में प्रशिक्षण का समापन समारोह आयोजित किया गया।

प्राथमिक शाला में बच्चों को बांटी स्लेट-पेंसिल

नवभारत,दमोह। बटियागढ़ तहसीलदार योगेन्द्र चौधरी ने प्राथमिक शाला बसिया पहुंचकर कक्षा पहली के बच्चों को स्लेट और पेंसिल का वितरण किया। तहसीलदार ने बच्चों को पढ़ाई के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि शिक्षा ही जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है। उन्होंने बच्चों से नियमित स्कूल आने और मन लगाकर पढ़ाई करने का आग्रह किया। इस अवसर पर स्कूल स्टाफ रहा .

रस्साकसी प्रतियोगिता का आयोजन में रक्षित निरीक्षक शामिल

नवभारत,दमोह। पुलिस प्रशासन व खेल और युवा कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में युवाओं ने नशामुक्त समाज का संदेश दिया। पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगि (भापुसे) मप्र पुलिस द्वारा संचालित प्रदेशव्यापी जन जागरूकता अभियान नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0 के अंतर्गत दमोह में पुलिस प्रशासन व खेल और युवा कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में रस्साकसी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।प्रतियोगिता का उद्देश्य युवाओं व आमजन को खेल गतिविधियों से जोड़ते हुए नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना तथा स्वस्थ व सकारात्मक जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।प्रतियोगिता में विभिन्न टीमों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए खेल भावना, अनुशासन व आपसी सहयोग का उत्कृष्ट परिचय दिया। आयोजन के दौरान उपस्थित प्रतिभागियों व दर्शकों को नशे से होने वाले शारीरिक, मानसिक, सामाजिक व आर्थिक दुष्परिणामों की जानकारी रक्षित निरीक्षक अभिनव साहू द्वारा शपथ दिलाकर दी गई तथा सभी से नशे से दूर रहकर स्वस्थ व जागरूक समाज के निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की गई.अधिकारियों ने कहा कि खेल व्यक्ति को शारीरिक व मानसिक रूप से सशक्त बनाते हैं .

यूपी पुलिस भर्ती में अनय बने सब इंस्पेक्टर, क्षेत्र में खुशी की लहर

नवभारत,हटा/दमोह। तहसील हटा अंतर्गत ग्राम कुंवरपुर के होनहार युवा अनय कुर्मी ने उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती में सब इंस्पेक्टर पद पर अंतिम चयन प्राप्त कर क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। उनकी इस उल्लेखनीय उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में हर्ष का माहौल है।उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा जारी अंतिम चयन सूची में अनय कुर्मी का चयन सब इंस्पेक्टर पद पर हुआ है। अनय, पिता रतीराम, ने कठिन परिश्रम, अनुशासन और निरंतर लगन के बल पर यह सफलता अर्जित की है।बताया जाता है कि अनय का परिवार आर्थिक रूप से साधारण व कमजोर स्थिति से जुड़ा रहा है। सीमित संसाधनों और अनेक चुनौतियों के बावजूद उन्होंने अपनी मेहनत,आत्मविश्वास और दृढ़ संकल्प के दम पर यह सफलता हासिल की।उनकी उपलब्धि इस बात का उदाहरण है कि कठिन परिस्थितियाँ भी मजबूत इरादों के आगे बाधा नहीं बन सकतीं। चयन की सूचना मिलते ही ग्राम कुंवरपुर सहित आसपास के क्षेत्रों में खुशी की लहर दौड़ गई। परिजनों, रिश्तेदारों, मित्रों व शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। ग्रामीणों का कहना है कि अनय कुर्मी की सफलता क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने सिद्ध किया है कि स्पष्ट लक्ष्य, निरंतर मेहनत, आत्म विश्वास और दृढ़ संकल्प के साथ किसी भी प्रतियोगी परीक्षा में सफलता प्राप्त की जा सकती है।

जबेरा को मिली स्वच्छता की नई रफ्तार, कचरा गाड़ी को हरी झंडी

- जनप्रतिनिधियों ने बढ़ाया मनोबल

नवभारत,जबेरा/दमोह. ग्राम पंचायत जबेरा में स्वच्छता व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में गुरुवार को एक महत्वपूर्ण पहल की गई। पंचायत को नई कचरा गाड़ी की सौगात मिली, जिसे जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।इस पहल से अब क्षेत्र में साफ-सफाई व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होने की उम्मीद जताई जा रही है।कार्यक्रम में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेंद्र सिंह लोधी के अनुज सत्येंद्र सिंह लोधी, सांसद प्रतिनिधि रूपेश सेन व मंडल अध्यक्ष बंटी दुबे विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने संयुक्त रूप से कचरा गाड़ी को रवाना कर स्वच्छता अभियान को गति देने का संदेश दिया।इस अवसर पर सत्येंद्र सिंह लोधी ने ग्रामवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि यह कचरा गाड़ी केवल एक वाहन नहीं, बल्कि स्वच्छ और सुंदर जबेरा की दिशा में एक सशक्त कदम है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे कचरे को इधर-उधर न फेंककर निर्धारित वाहन में ही डालें, ताकि पूरे क्षेत्र में स्वच्छता बनी रहे।कार्यक्रम में सरपंच शिवलाल धुर्वे, राजेश सिंघई, नीरज जायसवाल, अनुपमा मिश्रा, अरुण बाजपेयी, सुनील साहू, सुदीप अवस्थी, सत्येंद्र ठाकुर, आशीष चौधरी सहित पंचायत सचिव कलू यादव कई जनप्रतिनिधि व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने पंचायत की इस पहल की सराहना करते हुए इसे जनहित में एक सराहनीय कदम बताया।उम्मीद जताई जा रही है नई कचरा गाड़ी के संचालन से अब घर-घर कचरा संग्रहण आसान होगा और जबेरा को स्वच्छ,सुंदर व स्वस्थ बनाने की दिशा में ठोस बदलाव देखने को मिलेगा।

पर्दाफाश | 2 आरोपी गिरफ्तार, 2 ट्रैक्टर सहित टैंकर बरामद

पुलिस ने 7 दिन में ट्रैक्टर चोरी का किया खुलासा

नवभारत, दमोह। थाना बटियागढ़ क्षेत्र के ग्राम घनश्यामपुरा से 16 जुलाई 2026 की रात करीब 10 बजे अज्ञात चोरों द्वारा सोनालीका कंपनी का ट्रैक्टर क्र.एमपी 34 एए 2086 मय ट्राली चोरी कर लिया गया था। इस संबंध में प्रार्थी आशीष जैन, 37 वर्ष, निवासी घनश्यामपुरा की रिपोर्ट पर थाना बटियागढ़ में अपराध क्रमांक 195/26 धारा 303(2) बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू की गई थी।एसपी आनंद कलादगि के निर्देशन और एसडीओपी पथरिया प्रिया सिंधी के नेतृत्व में थाना प्रभारी निरीक्षक रजनी शुक्ला व पुलिस टीम ने मुखबिर तंत्र, साइबर सेल और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर

लगातार पतासाजी की।पुलिस ने 23 जुलाई 2026 को कार्रवाई करते हुए आरोपी टीकाराम अहिरवार निवासी गल्ला मंडी, थाना मोतीनगर, सागर और नीलेश अहिरवार पिता तीरथ अहिरवार, निवासी ग्राम भैंसा रामनगर, थाना मोतीनगर, जिला सागर को दस्तयाब किया।

पुलिस टीम को मिलेगा 10000 रूपये का इनाम

पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगि (भापुसे) ने जबलपुर नाका स्थित पुलिस में एसडीओपी प्रिया सिंधी, थाना प्रभारी बटियागढ़ रजनी शुक्ला, थाना प्रभारी पटेरा धर्मेंद्र गुर्जर, चौकी प्रभारी फुटेरा कला आनंद कुमार, उनि .सियाराम, केरवना चौकी प्रभारी सउनि .मनीष यादव,सउनि आनंद कुमार, प्र .आर . मुकेश, भानू उपाध्याय,महेन्द्र, राकेश अठ्या (साईबर सेल), आरक्षक सोनू पटैल, सूर्या सिपौल्या,मयंक दुबे(साईबर सेल), इन्द्रजीत सिंह राजपूत, चालक आर .बदन की सराहना भूमिका रहने पर प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने बटियागढ़ से चोरी गया सोनालिका ट्रैक्टर व ट्राली, जिला सागर क्षेत्र से चोरी किया गया एक अन्य ट्रैक्टर,पानी का टैंकर,घटना में प्रयुक्त एक पिकअप वाहन भी बरामद किया है। जल्द चोरी पकड़ने पर पुलिस टीम को 10000 रूपये का इनाम भी दिया जाएगा। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है। इस प्रकरण में एक आरोपी फरार है। अन्य चोरी की घटनाओं में भी इनकी संलिप्तता की जांच की जा रही है।

तहसील पटेरा ने हासिल किया जिला स्तर पर प्रथम स्थान



नवभारत,दमोह। कलेक्टर प्रताप नारायण यादव के निर्देशानुसार सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के त्वरित एवं संतुष्टिपूर्ण निराकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए तहसील पटेरा द्वारा लगातार प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में जून 2026 की क्षेत्रवार प्रदर्शन रैंकिंग में तहसील पटेरा ने 87.07 प्रतिशत स्कोर के साथ दमोह जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।इस उपलब्धि के पीछे अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) हटा राकेश मरकाम के मार्गदर्शन व समय-समय पर दिए गए दिशा-निर्देशों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। श्री मरकाम द्वारा सीएम हेल्पलाइन शिकायतों की नियमित समीक्षा करते हुए अधिकारियों व कर्मचारियों को लंबित शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर प्रताप नारायण यादव के निर्देशों तथा एसडीएम हटा राकेश मरकाम के मार्गदर्शन में तहसील पटेरा द्वारा सीएम हेल्पलाइन की लंबित शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए शिकायत कर्ताओं से समन्वय स्थापित किया गया.

सीएम हेल्पलाइन निराकरण

नाम सुधार सूचना

मैं शपथकर्ता **वंदना चौधरी** पति श्री अजीत चौधरी पता- सिविल वार्ड-09, तहसील-दमोह जिला-दमोह (म.प्र.) की निवासी हूँ यह कि मेरा पासपोर्ट क्रमांक J9931806 जिसकी वैद्यता समाप्त हो गई है, इसे रिन्यूबल करना चाहती हूँ। यह कि मेरे पासपोर्ट में मेरे पति का नाम अंग्रेजी में AJIT CHOUDHARY लिखा है जबकि उनके समस्त दस्तावेजों में उनके नाम अंग्रेजी AJEET CHOUDHARY लिखा है। अतः मैं अपने पासपोर्ट में मेरे पति का नाम अंग्रेजी में AJIT CHOUDHARY के स्थान पर AJEET CHOUDHARY लिखा पढ़ा एवं समझा जाये जिस हेतु शपथ पत्र एवं समाचार पत्र में सूचना प्रकाशित करवा रही हूं।
दिनांक- 23/07/2026
स्थान- दमोह (म.प्र.)

भवदीय/शपथकर्ता
वंदना चौधरी